मानमिन समाचार

अकं 49, वर्ष 3 | 1 June 2022 | पेज 1

"मुझे वास्तव में जीवन का वचन पसंद है जो कही ओर नही सुना जा सकता" यूट्यूब चैनल, 'जीसीएनटीवी हिंदी'

यूट्यूब चैनल 'जीसीएनटीवी हिंदी' के माध्यम से, दर्शक इस बात की गवाही देते रहते हैं कि उन्होंने यीशु मसीह को ग्रहण कर लिया और डॉ. जेरॉक ली के संदेशों को सुनकर एक आशीषित जीवन जी रहे हैं। और बीमारों के लिए उनकी रिकॉर्ड की गई प्रार्थना द्वारा चंगाई और उत्तरों के कार्यों का अनुभव किया।

भारत में दिल्ली मानमिन चर्च के पास्टर जॉन किम ने मई 2014 में एक यूट्यूब चैनल खोला और 2017 में 'जीसीएनटीवी हिंदी' के माध्यम से सोशल मीडिया सेवकाई को गंभीरता से लिया।

यह एक ऐसा वातावरण तैयार करने के लिए था जहां प्रत्येक क्षेत्र में पास्टरों के सेमिनार और रूमाल की सभाओं (प्रेरितो के काम 19:12) के दौरान अनुग्रह प्राप्त करने वाले सदस्य अपने विश्वास को बढ़ाने के लिए पवित्रता के सुसमाचार को सुनना जारी रख सके।

डॉ. जेरॉक ली के वीडियो संदेश जैसे 'दस आज्ञाएँ', 'क्रूस का संदेश', 'विश्वास का परिमाण', 'स्वर्ग', 'नरक', 'आत्मिक प्रेम', 'धन्यवचन', आदि और बीमारों के लिए प्रार्थना वीडियो को हिंदी में अनुवादित किया गया और यूट्यूब चैनल के माध्यम से साझा किया गया।

वीडियो देखने वाले दर्शकों ने अपना धन्यवाद प्रगट करते हुए यह कहा, "मुझे वास्तव में जीवन के वचन पसंद हैं जो हम कही और नही सुन सकते हैं", "मैंने परमेश्वर के वचनों का अभ्यास करते समय अनुग्रह और आशीषों का अनुभव किया", "मेरा परिवार, जहां झगड़े होते थे, अब प्रेम के साथ शांति में है "इत्यादि, और सब्सकाइबरों की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है।

जनवरी 2022 तक, सब्सकाइबरों की संख्या 20,000 से अधिक हो गई, और बीमारों के लिए डॉ जेरॉक ली की प्रार्थना को 17.6 लाख लोगों ने देखा, संदेश जैसे कि 'दस आज्ञाएँ' 62,000, 'क्रूस का संदेश' 37,400, और 'सामर्थ' 29,000 लोगों ने इन वीडियो को देखा।

इतना ही नहीं, पूरे भारत में 50 से अधिक गृह कलीसियाएँ खोली गई और 250 परिवार परमेश्वर की संतान बनें।

इसके अलावा, 'जीसीएनटीवी हिंदी' न केवल मानमिन सेंट्रल चर्च की विभिन्न आराधना सभाओं को और दानिय्येल प्रार्थना सभाओं को हिंदी में प्रसारित करता है, बल्कि डॉ. जेरॉक ली के संदेशों पर आधारित एक ऑनलाइन बाइबल अकादमी और मसीही ज्ञान पर आधारित कार्यक्रम भी संचालित करता है।

स्थानीय सदस्य जो प्रत्येक क्षेत्र के लिए समर्पित हैं, जैसे अनुवाद, डबिंग और उपशीर्षक, विनम्रता पूर्वक दिन–रात दर्शकों के कॉल का जवाब देंते है, और पास्टर जॉन किम वीडियो चैट के माध्यम से दर्शकों से मिलते रहते हैं।

जिस प्रकार, आमने–सामने संचार के बिना भी निरंतर संगति और विश्वास की परामर्श संभव है, इसलिए कोविड–19 महामारी के बीच भी, पूरे भारत में रहने वाले सदस्य पवित्र आत्मा से भरा एक विश्वासयोग्य जीवन जीने के द्वारा बहुत सी आशीषों को प्राप्त कर रहे हैं।.

पास्टर जॉन किम ने कहा, "भविष्य में और अधिक आत्माओं को उद्धार तक पहुंचाने के लिए, जीसीएनटीवी हिंदी ने भारत में अन्य भाषाओं जैसे मराठी और बंगाली और हिंदी में भी विस्तार करके पवित्रता और सामर्थ के कार्यों को पूरे संसार में फैलाने की योजना बनाई है।"

हाइपोक्सिक मस्तिष्क क्षति - GCNTV HINDI के माध्यम से, रेव्ह. डा. जेरॉक ली से प्राप्त सामर्थ्य के रूमल द्वारा मेरे नये जन्में बच्चे ने नया जीवन प्राप्त किया

अमित (भारत)

13 मार्च को मेरी पत्नी ने जन्म दिया परंतु बच्चा नहीं रोया। मेरे बच्चे के मस्तिष्क तक ऑक्सीजन नहीं पहुंची, और वह आंखें नहीं खोल सका और हाथ और पैर नहीं हिलायें।

डॉक्टर ने कहा कि उसकी हालत गंभीर है और मुझे उसे दूसरे बड़े अस्पताल में ले जाना पड़ा। उन्हें एक बड़े अस्पताल में ले जाया गया और नवजात गहन चिकित्सा इकाई में रखा गया।

परमेश्वर से बच्चे को बचाने की पुरजोर कामना करते हुए, मैंने और मेरी पत्नी ने जीसीएन टीवी पर बीमारों के लिए प्रार्थना की खोज की, और बीमारों के लिए डॉ. जेरॉक ली की प्रार्थना पर हमारी नजर पड़ी।

बीमारों के लिए डॉ. जेरॉक ली की हिंदी भाषा में प्रार्थना प्राप्त करने के बाद, मैंने दिल्ली मानमिन चर्च को फोन किया और अपने बच्चे के लिए प्रार्थना विनती भेजी।

दिल्ली मानमिन चर्च के कर्मचारियों ने सबसे पहले हमें समझाया कि यीशु मसीह हमारे उद्धारकर्ता क्यों हैं। हमने अपनी मूर्तिपूजा और उन पापों से पश्चाताप किया जिन्हें हमने वचन के माध्यम से महसूस किया, और प्रभु को हमारे उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया। और ईश्वरीय चंगाई सभा की तैयारी में, मैंने ऑनलाइन सियोल में मानमिन सेंट्रल चर्च की विशेष दानियल प्रार्थना सभा में भाग लिया और प्रार्थना की।

19 मार्च को, मैंने पास्टर जॉन किम (दिल्ली में मानमिन चर्च के प्रभारी) से एक वीडियो कॉल के माध्यम से सामर्थ के रूमाल (प्रेरितों के काम 19:11–12) के द्वारा प्रार्थना ग्रहण की, और 23 तारीख को, मैंने जूम के माध्यम से विशेष दानियेल प्रार्थना सभा में भाग लिया और निर्देशक बोकनिम ली (मानमिन प्रार्थना केंद्र) से प्रार्थना प्राप्त की।

फिर, कुछ अद्भुत हुआ। मेरे बच्चे ने अपने हाथ और पैर हिलाए और अपनी आँखें खोलीं। हाल्लेलुयाह!

हम हमारे बच्चे को ठीक करने के लिए परमेश्वर को धन्यवाद देते हैं, और हम यूटूब जीसीएन टीवी चैनल के माध्यम से मानमिन सेंट्रल चर्च की विभिन्न अराधना सभाओ में ऑनलाइन शामिल हो रहे हैं। मैं जीवित परमेश्वर को सारा धन्यवाद और महिमा देता हूं।

परमेश्वर ज्योति है

परमेश्वर ज्योति है (5)

यदि हम अपने पापों का अंगीकार करे।

यदि हम अपने पापों का अंगीकार करे।
यदि हम अपने पापों को मान लें,
तो वह हमारे पापों को क्षमा करने
और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में
विश्वासयोग्य और धर्मी है।" (1 यूहन्ना 1:9)।

सीनियर पास्टर रेव्ह. जेरॉक ली

"यदि हम अपने पापों का अंगीकार करे, तो परमेश्वर हमारे पापों को क्षमा करने और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है। इसके अलावा, जब हम ज्योति में जाते हैं, तो वह हमें और अधिक आशीषें देगा।"

चूँकि परमेश्वर ज्योति है, हम उसके सामने कोई भी अंधकार नहीं छिपा सकते, चाहे वह कितना ही छोटा क्यों न हो। साथ ही, वह विश्वासयोग्य और धर्मी है, इसलिए यदि हम अपने पापों को मान ले तो वह हमारे पापों को क्षमा कर देता है और हमें सब प्रकार के अधर्म से शुद्ध करता है। लेकिन समस्या यह है कि कुछ लोग अंधकार में चलते तो हैं लेकिन महसूस नहीं कर पाते।

ऐसा इसलिए है क्योंकि पाप और अपराधों के संबंध में प्रत्येक व्यक्ति के अलग–अलग मानक हैं। क्योंकि आपके पास अलग–अलग विवेक, अलग–अलग पृष्ठभूमि और अलग–अलग शिक्षाएं हैं, इसलिए आपके पास अलग–अलग मूल्य मापदंड और मानक हो सकते हैं। अब आइए देखें कि हम क्यों यह नहीं कह सकते कि परमेश्वर के सामने हम में कोई पाप नहीं है, विशेष रूप से पाप क्या हैं, और अपने पापों का अंगीकार करने का क्या अर्थ है।

1. क्या कारण है कि हम यह नहीं कह सकते कि परमेश्वर के सामने हम में कोई पाप नहीं है।

1 यूहन्ना 1:8 कहता है, "यदि हम कहें, कि हम में कुछ भी पाप नहीं, तो हम अपने आप को धोखा देते हैं, और हम में सत्य नहीं है।" पहला, इस वचन में परमेश्वर के कहने का क्या अर्थ है?

बाइबल के अनुसार पाप संसार में पहली बार जब आया, जब पहले मनुष्य आदम और उसकी पत्नी हव्वा ने भले और बुरे के ज्ञान के वृक्ष का फल खाकर परमेश्वर की आज्ञा का उल्लंघन किया। उसके सभी वंशजों को उसका पापमय स्वभाव विरासत में मिला, और उसके अनुसार, कोई यह नहीं कह सकता कि उनमें कोई पाप नहीं है। यही 'मूल पाप' का अर्थ है। एक और प्रकार का पाप है जो लोग स्वयं करते हैं, जिसे "स्वयं से किये जाने वाले पाप कहा" जाता है।

यदि लोग पाप की समस्या का समाधान नहीं करते हैं, तो नरक में अनन्त मृत्यु और भयानक अनन्त दंड प्राप्त करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। यह बाइबल में लिखा हुआ है जो हमें बताता है कि पापी परमेश्वर के राज्य के वारिस नहीं हो सकते और न ही परमेश्वर को देख सकते हैं (रोमियों 3:23, 5:12)।

जो लोग पापी बन गए, उन्हें उनके पापों से छुड़ाने के लिए, प्रेमी परमेश्वर ने दो हजार वर्ष पहले अपने एकलौते पुत्र, यीशु को इस पृथ्वी पर भेजा। और जैसे ही उसका नियत समय आया, यीशु ने अपने कंधों पर हमारे सभी पापों के लिए क्रूस को ले लिया और लकड़ी के क्रूस पर मर गया। परन्तु उसने मृत्यु पर विजय प्राप्त की और पुनरूत्थानित हुआ, जिसने व्यापक रूप से समस्त मानवजाति के लिए उद्धार का मार्ग खोल दिया। इसके द्वारा, जो कोई भी यीशु को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करता है, उसे विश्वास के द्वारा धर्मी ठहराया जा सकता है (रोमियों 3:24, 5:1), और परमेश्वर की सन्तान बनने का अधिकार प्राप्त कर सकता है (यूहन्ना 1:12)।

हालाँकि, यद्यपि यीशु मसीह में विश्वास के द्वारा आपके सभी पाप क्षमा किए गए, तो भी आप में पापमय स्वभाव हो सकता हैं जब तक कि आप पवित्र नहीं हो जाते और परमेश्वर की व्यवस्था के अनुसार पूरी तरह से कार्य नहीं करते। वो बुराई जो आप में रह जाती हैं, वो आपको बिना विचारे पाप करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। आप कभी–कभी पाप कर सकते हैं क्योंकि आप सत्य को नहीं जानते हैं, या यदि आप सत्य को जानते भी हैं, क्योंकि आपका विश्वास कमजोर है, तो आप पाप कर सकते हैं। इस प्रकार, जब तक आप परमेश्वर के द्वारा पहचाने जाने वाले पवित्रीकरण को प्राप्त नहीं कर लेते, तब तक आप में से कोई भी यह नहीं कह सकता कि आपमें कोई पाप नहीं है, और यदि आप कहते हैं कि आपमें कोई पाप नहीं है, तो आप स्वयं को धोखा दे रहे हैं।

इसके बाद, 1 यूहन्ना 1:8 कहता है कि यदि हम कहें कि हम में कोई पाप नहीं, तो हम में सत्य नहीं है। इसका क्या मतलब है?

सत्य परमेश्वर का वचन है। जिनके पास सत्य है वो इसे तब महसूस कर सकते हैं जब वो परमेश्वर के वचन के खिलाफ कुछ करते हैं क्योंकि पवित्र आत्मा परमेश्वर के वचन में उनके हृदयो को दर्शाता है। इसलिए, यदि उनमें सत्य है, तो वे यह नहीं कह सकते कि उन्होंने तब तक कोई पाप नहीं किया जब तक वे पूरी तरह से पवित्र हुए और हर प्रकार के अंधकार को त्याग नही दिया।

फिर हम पाप की समस्या का समाधान कैसे कर सकते हैं? हमें परमेश्वर के सामने अपने पापों का अंगीकार करने की आवश्यकता है जो विश्वासयोग्य और धर्मी हैं। केवल तभी परमेश्वर हमारे पापों को क्षमा कर सकता है और हमें हमारे सभी अधर्म से शुद्ध कर सकता है (1 यूहन्ना 1:9)। जब पापों की बात आती है जिसे हम अंगीकार करते हैं, तो वह यह नहीं कहेगा कि हमारे अंदर पाप हैं।

2. परमेश्वर की व्यवस्था में विशेष रूप से किन पापों का उल्लेख है।

एक 'अपराध' या 'जुर्म' का अर्थ आमतौर पर किसी राष्ट्र, समाज या समूह द्वारा निर्धारित कानून का उल्लंघन होता है, और यह कानून का उल्लंघन करने वालों की सजा के लिए आधार के रूप में कार्य करता है। मसीहत में पाप पर भी यही परिभाषा लागू होती है। हमें आत्मिक व्यवस्था का पालन करना चाहिए जो कि परमेश्वर के राज्य की व्यवस्था है क्योंकि हम परमेश्वर की संतान हैं और उद्धार प्राप्त करने के बाद स्वर्ग की नागरिकता पाते हैं (फिलिप्पियों 3:20)। यदि हम व्यवस्था का पालन नहीं करते हैं, तो यह पाप है।

आत्मिक व्यवस्था परमेश्वर द्वारा निर्धारित किया गई थी जो आत्मिक संसार का मालिक है, और यह बाइबल की 66 पुस्तकों में लिखा गया परमेश्वर का वचन है। जैसा कि 1 यूहन्ना 3:4 में लिखा है, जो कोई पाप करता है, वह व्यवस्था का विरोध करता है; और पाप तो व्यवस्था का विरोध है।," जो कुछ बाइबल के विरुद्ध है वह अधर्म और पाप है। बेशक, अविश्वासियों के पास पहले से ही पाप है क्योंकि यीशु मसीह पर विश्वास न करना ही पाप है (यूहन्ना 16:9)। अब, आइए और अधिक देखें कि परमेश्वर की व्यवस्था में विशेष रूप से किन पापों का उल्लेख है।

पहले प्रकार का पाप कार्यों में किया जाता है; शरीर के कार्य।

जो लोग शरीर के कार्य करते हैं, उन्हें निश्चित रूप से न्याय के बाद दण्ड मिलेगा और वे कभी भी परमेश्वर के राज्य के वारिस नहीं हो सकते (1 कुरिन्थियों 6:9–10; गलातियों 5:19–21)। बेशक, यीशु मसीह को स्वीकार करने और पवित्र आत्मा प्राप्त करने के तुरंत बाद आपके लिए शरीर के कार्यों को तुरंत बंद करना असंभव हो सकता है। लेकिन, जब आप पवित्र आत्मा की सहायता से एक पवित्र जीवन जीने का प्रयास करते हैं और लगन से प्रार्थना करते हैं, तो आप एक–एक करके शरीर के कार्यों को दूर कर सकते हैं। शरीर के कार्यों को दूर करने का कार्य विश्वास से आता है, और इसी तरह से हमें अपने विश्वासी जीवन को जीना चाहिए।

इस प्रकार, यदि आपके पास अभी भी कुछ ऐसे पाप है जिसे आपने दूर नहीं किया है, तो आपको पश्चाताप करने, आंसुओं के साथ प्रार्थना करने और पवित्र आत्मा की सहायता अपने मार्ग से फिरने की आवश्यकता है। जब आप अपने पापों का अंगीकार करते हैं और उन्हें इस तरह से दूर करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, तो आप निश्चित रूप से उन सभी से छुटकारा पाने में सक्षम होंगे। इसलिए परमेश्वर विश्वासियों को शरीर के लोग नहीं कहते, परन्तु वह उन्हें विश्वास के द्वारा धर्मी ठहराए जाने की अनुमति देता है। यदि वे अपने पापों का अंगीकार करते हैं और पापों से मन फिराते हैं, तो इसे विश्वास माना जाएगा और उन्हें परमेश्वर की क्षमा प्राप्त होगी जो विश्वासयोग्य और धर्मी है।

दूसरे प्रकार का पाप कार्यों में प्रकट नहीं होता, परन्तु मन से किया जाता है; शरीर की चीजें।

विश्वास का अंगीकार

1. मानमिन सैंट्रल चर्च विश्वास करता है कि बाइबल परमेश्वर का दिया गया वचन है जो सिद्ध और दोषरहित है।
2. मानमिन सैंट्रल चर्च एकता में विश्वास करता है और त्रिएक परमेश्वरः पवित्र पिता परमेश्वर, पवित्र पुत्र परमेश्वर और पवित्रआत्मा परमेश्वर, के कार्य में विश्वास करता है,
3. मानमिन सैंट्रल चर्च विश्वास करता है कि केवल यीशु मसीह के लहु के द्वारा हमें हमारे पापों से क्षमा मिलती है।
4. मानमिन सैंट्रल चर्च यीशु मसीह के पुनरूत्थान और स्वर्गारोहण, उसके दूसरे आगमन, एक हजार वर्ष का राज्य और अनन्त स्वर्ग, पर विश्वास करता है
5. मानमिन सैंट्रल चर्च के सदस्य हर बार जब एकत्र होते हैं वे अपने विश्वास का अंगीकार "प्रेरितों के विश्वास" के द्वारा करतें है और उसकी धारण के मूल तत्व के प्रतिशब्द पर विश्वास करतें है।

"(परमेश्वर) वह तो आप ही सब को जीवन और स्वास और सब कुछ देता है।" (प्रेरितों के काम 17:25)
"और किसी दूसरे के द्वारा उद्धार नहीं; क्योंकि स्वर्ग के नीचे मनुष्यों में और कोई दूसरा नाम नहीं दिया गया, जिस के द्वारा हम उद्धार पा सकें।" (प्रेरितों के काम 4:12)

GCNTV Hindi
सीधा प्रसारण समय सारणी
रविवार्य आराधना (1) : प्रातः 8 बजे
रविवार्य आराधना (2) : प्रातः 11 बजे
शुक्रवार आराधना : रातः 7:30 बजे
दानिय्येल प्रार्थना प्रतिदिन : सांय : 5:30 बजे
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

परमेश्वर की दृष्टि में जो कि ज्योति है, जितने बुरे तत्व आपके हृदय में हैं वे सब अन्धकार और पाप हैं (रोमियों 14:10; याकूब 4:11–12)। पुराने नियम के समय में, केवल अधर्म के कार्य जो बाहरी रूप से कार्य के रूप में सामने आते थे, उन्हें पाप के रूप में देखा जाता था, लेकिन नए नियम के समय में, अधर्म की सभी चीजें, यहां तक कि आपके हृदयो में भी, पाप के रूप में मानी जाती हैं।

ऐसा इसलिए है क्योंकि नए नियम के समय में लोग पवित्र आत्मा पर निर्भर रह कर अपने हृदय का खतना कर सकते हैं और पापमय स्वभाव को भी जो कि हृदय में है जड़ से उखाड़ सकते हैं। जब वे हृदय के खतने के द्वारा नये बनेंगे, तो यीशु मसीह की ज्योति उनमें वास करेगी और वे अपने हृदय से ज्योति के सिद्ध कार्यों को दिखा सकते हैं।

ज्योति का अर्थ– क्षमा, प्रेम और दया है। यह दूसरों के लाभ की खोज करना और हर समय भलाई में देखना, सुनना, बोलना और सोचना है। यदि आपके हृदय में न्याय, निंदा, घृणा और ईर्ष्या जैसी विपरीत चीजें हैं, भले ही वे बाहरी रूप से प्रकट न हों, तो आप यह नहीं कह सकते कि आप में कोई पाप नहीं है। इसके अलावा, यदि आप पापियों के लिए क्रूस पर चढ़ाए गए प्रभु के प्रेम के बारे में सोचते हैं, तो आपको परमेश्वर की आज्ञाओं का पालन करना चाहिए (1 यूहन्ना 5:3) और उस फल को उत्पन्न करना चाहिए जो कि ज्योति से संबंधित है।

3. परमेश्वर की दृष्टि में अंधकार की चीजें जो मनुष्यों की दृष्टि में अंधकर की चीजों की तरह नहीं लगती।

जब आप अपने हृदय को परमेश्वर के वचन से जाँचते हैं तो अंधकार के कुछ गुण आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन कुछ अन्य गुण अंधकार से संबंधित नहीं लगते, लेकिन उनका मूल अंधकार है।

उदाहरण के लिए, जब दूसरे किसी काम में अच्छा करते हैं, तो हो सकता है कि आपको जलन न हो, लेकिन इसके बजाय आप अपने बारे में निराशा महसूस कर सकते हैं।

फिर, आप सोच सकते हैं कि यह अंधकार नहीं है क्योंकि आप उनके साथ बुराई नहीं करते हैं या उनके प्रति ईर्ष्या नहीं रखते हैं। हालाँकि, आत्मिक प्रेम जो ज्योति से संबंधित है, सत्य के साथ आनन्दित होता है (1 कुरिन्थियों 13:6)। जब आप देखते हैं कि दूसरों को आपसे अधिक प्रेम और पहचान मिलती है, तो आपको निराश हुए बिना उनके साथ आनंदित होना होगा।

मैं आपको एक और उदाहरण देता हूँ। हो सकता है कि आपने शांति भंग कर दी हो, भले ही आपको लगता है कि आपने सत्य का पालन किया है। मान लीजिए कि आपने एक मिंटिग में अपनी राय दी और लोगों को अपने विचार का पालन करने के लिए राजी किया क्योंकि आपको लगा कि यह परमेश्वर के राज्य के लिए सबसे अच्छा है। यद्यपि आप जानते थे कि उनमें से कुछ को आपका विचार पसंद नहीं आया और उन्होंने असहज महसूस किया, आपने उनकी परवाह नहीं की। लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि जब हम ज्योति का अनुसरण करेंगे, तो स्वाभाविक रूप से शांति आएगी। शांति एक प्रकार का हृदय है जो दूसरों की राय का पालन करता है जब तक कि वे असत्य न हों, हालांकि हम सोचते हैं कि हमारे अपने विचार बेहतर हैं। यह हृदय है जो खुद को प्रकट नहीं करता है और किसी के साथ शांति नहीं तोड़ता है।

इसके अलावा, ऐसे कई अन्य मामले हैं जिनमें आप अंधकार को प्रकट करते हैं, हालांकि आपको लगता है कि आप धर्मी हैं। मान लीजिए किसी लीडर ने किसी समूह के सदस्य से कुछ करने को कहा। अंतिम परिणाम के आधार पर, उनकी प्रतिक्रियाएं अलग–अलग होंगी।

यदि काम अच्छी तरह से किया गया, तो लीडर कह सकता है, "मैं वह हूं जिसने उसे ऐसा करने के लिए कहा था, इसलिए इस काम का श्रेय मेरी उपलब्धि है।" दूसरी ओर, ऐसा करने वाला सदस्य कह सकता है, "यह मैं ही हूं जिसने वास्तव में काम किया है। इसका श्रेय मुझे जाता है।" लेकिन अगर चीजें गलत हो जाती हैं, तो वे अपनी गलतियों के बारे में गहराई से सोचे बिना एक–दूसरे पर दोष डाल सकते हैं और उन्हें लगता है कि वे सही हैं। केवल जब आप दूसरों को दोष देने वाला हृदय त्याग देते हैं, तो आप उस हृदय को प्राप्त कर सकते हैं जो ज्योति से संबंधित है जो दूसरों के अपराधों को छुपाता है, भले ही वे गंभीर पाप करते हों।

हमें दूसरों पर दोष नहीं डालना चाहिए या अपनी जिम्मेदारी से पीछे नही हटना चाहिए। अगर हम जिम्मेदारी की भावना महसूस करते हैं और खुद को दोष देते हैं क्योंकि हम काम में शामिल हैं, या अगर हम बिना किसी कारण के सताए जाने या गलत तरीके से आरोपित होने पर भी सहन करते हैं तो परमेश्वर हमसे प्रसन्न होंगे। यदि तब, परमेश्वर यह नहीं कहेगा कि हमारे पास पाप है। यदि हम अपने पापों को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, चाहे वह कितना भी छोटा क्यों न हो, वह हमें हमारे पापों को क्षमा करेगा, हमें धर्मी जानेगा, और फिर हमारी सुरक्षा करेगा और हमारी अगुवाई करेगा ताकि हमें अपने काम में कठिनाइयों का सामना करना न पड़े।

4. आपको अपने पापों का अंगीकार करना और मन फिराना चाहिए।

पापों का अंगीकार करने का अर्थ केवल होठों से अपने पापों को अंगीकार करना नहीं है, बल्कि यह भी है कि अपने पापों से पूरी तरह से मन फिराना है। तभी प्रभु का बहुमूल्य लहू आपको आपके पापों से शुद्ध कर सकता है। परन्तु यदि आपके मन में अब भी बैर है, परन्तु आप केवल परमेश्वर से अपने पापों को क्षमा करने के लिए कहते हो, तो परमेश्वर कहेगा कि तुम झूठ बोल रहे हो (1 यूहन्ना 1:6)।

राजा दाऊद ज्योति में चला और परमेश्वर ने उसे अपने हृदय के अनुसार पहचाना, लेकिन वह शुरू से ही सिद्ध नहीं था। उसने एक बार ऊरिय्याह की पत्नी बतशेबा को ले लिया। जब वह दाऊद के बच्चे के साथ गर्भवती हुई, तो उसने कई तरीकों से अपने पाप को छिपाने की कोशिश की। जैसे–जैसे वह असफल होता गया, उसने उसके पति ऊरिय्याह को अन्यजातियों द्वारा मरवा डाला। यह घोर पाप था। ऐसा इसलिए था क्योंकि उसके हृदय में अभी भी अंधकार की चीजें थीं जैसे कि शरीर की अभिलाषा, जो कि जो कुछ भी चाहता है उसे प्राप्त करने की इच्छा, और आंखों की अभिलाषा। परन्तु जब परमेश्वर ने नातान भविष्यद्वक्ता के द्वारा उसके पापो को दर्शाया, तो उसने तुरन्त पश्चाताप किया और अपना मन फिराया।

परन्तु दाऊद ने अपने पाप के दण्ड के रूप में कठोर आज़माइशों का सामना किया। उसके और बतशेबा के बच्चा मर गया, और उसे अपने पुत्र अबशलोम के पास से भागना पड़ा, जिसने उस से बलवा किया था। लेकिन उसने किसी चीज या किसी के बारे में न तो कोई शिकायत की और न ही बुरे शब्द बोले। यहाँ तक कि जब उसकी जाति के एक व्यक्ति ने उस पर पत्थर फेंके और उसे शाप दिया, तो उसने उसे बिना कुछ कहे सहन किया, उसे स्वीकार किया, और सब कुछ परमेश्वर के हाथों में सौंप दिया।

जब दाऊद ने हृदय से पश्चाताप किया और अपने पापों से मन फिराया, तो परमेश्वर ने उसे क्षमा कर दिया और आज़माइशों के माध्यम से उसे एक सिद्ध पात्र बना दिया जो बिना किसी दोष के ज्योति में चल सकता था।

1 यूहन्ना 1:9 में लिखा है, "यदि हम अपने पापों को मान लें, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने और हमें सब अधर्म से शुद्ध करने में विश्वासयोग्य और धर्मी है।" यहाँ, उसकी विश्वासयोग्यता का अर्थ है कि परमेश्वर हमारे अच्छे बिंदुओं को देखता है, कमियों को नहीं और हमारे सभी अपराधों को क्षमा करता है। उसकी धार्मिकता का अर्थ है कि वह उन्हें उठाएगा जो मुश्किलों में हैं जब वे अपने पापों को स्वीकार करेंगे और मन फिरायेंगे और उन्हें इस हद तक आशीष देंगा कि वे खुद को नवीनीकृत करें।

अंधकार में रहने वाले कुछ लोग ज्योति में नहीं आना चाहते हैं, लेकिन हमें यह विश्वास करने की आवश्यकता है कि ज्योति में आने के बाद असीम आशीषें हमारा इंतजार कर रही है।

मसीह में, प्रिय भाइयों और बहनों, यदि आप अपने पापों को परमेश्वर के सामने स्वीकार करते हैं जो विश्वासयोग्य और धर्मी हैं और ज्योति में चलते हैं, तो परमेश्वर आपकी प्रार्थना का उत्तर देगा। मैं प्रभु के नाम से प्रार्थना करता हूं कि आप स्वयं को परमेश्वर में जांचेंगे जो कि ज्योति है, ज्योति की संतान बनेंगे, और इस तरह आप जो कुछ भी मांगते हैं उसे प्राप्त करेंगें।

पूरे शरीर में दर्द तथा अन्य बीमारियों से चंगाई

मेरे परिवार ने 15 साल पहले प्रभु को हमारे उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया था, लेकिन हम बीमारियों से पीड़ित रहे हैं।

एक दिन, यूटूब पर बीमारों के लिए प्रार्थना खोजते हुए, मैं दिल्ली मानमिन चर्च के बारे में पता चला। मैंने दिल्ली मैनमिन चर्च को फोन किया और अपनी पारिवारिक समस्या को हल करने के लिए मदद मांगी।

दिल्ली मानमिन चर्च के कर्मचारियों ने सीनियर पास्टर डॉ. जेरॉक ली द्वारा 'क्रूस का संदेश' को बांटा, और मुझे यूटूब पर जीसीएन टीवी हिन्दी चैनल के माध्यम से अराधना सभा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया। कर्मचारियों ने उन सदस्यों की गवाही भी साझा की जो मानमिन से मिले और उनकी समस्याऐं हल हो जाने के बाद एक खुशहाल परिवार के रूप में जीवन व्यतीत कर रहे है ।

हमने क्रूस के संदेश को सुना और अराधना सभाओ में भाग लिया और महान अनुग्रह प्राप्त किया। और जब मेरे पूरे परिवार ने मार्च में ईश्वरीय चंगाई सभा में भाग लिया और प्रार्थना प्राप्त की, तो हम में से प्रत्येक के लिए परमेश्वर के अद्भुत कार्य प्रकट हुए।

मेरे जोड़ों, गर्दन और आंखों सहित मेरे पूरे शरीर में दर्द था, लेकिन प्रार्थना करने के बाद दर्द पूरी तरह से गायब हो गया।

इसके अलावा, मेरी बेटी राधा (उम्र 32) को 4 साल की उम्र में मिर्गी का दौरा पड़ने और गंभीर दौरे पड़ने के बाद, वह विकलांग हो गई और खुद की देखभाल करने में असमर्थ हो गई। मुझे उसकी दैनिक गतिविधियों जैसे खाने और नहाने में उसकी मदद करनी पड़ती थी। वह कुछ बोल या समझ नहीं पा रही थी। हालाँकि, प्रार्थना प्राप्त करने के बाद, वह अकेले खाने के पाई और बहुत सुधार हुआ है, इसलिए मेरा पूरा परिवार बहुत खुश है।

मेरी बहू अनु (उम्र 27) पिछले 2 साल 6 महीने से अपने हाथ, पैर और शरीर में दर्द से पीड़ित है, इसलिए वह अपने घर का काम ठीक से नहीं कर पा रही है। लेकिन ईश्वरीय चंगाई सभा में भाग लेने के बाद, जब वह उठी, तो दर्द दूर हो गया और वह घर के काम करने में सक्षम हो गई।

मेरा पोता वंश (उम्र 3 वर्ष) एक या दो महीने तक खांसने के कारण ठीक से सो नहीं पाया या ठीक से खा नहीं पाया, लेकिन अब उसे खांसी नहीं होती है और वह अच्छा खाता है और खेलता है।

हम प्रेम करने वाले पिता परमेश्वर को धन्यवाद और महिमा देते हैं जिन्होंने हमें बीमारियों और दुर्बलताओं से चंगा किया, और हमें आशीष दी ताकि हम एक उचित मसीह

"मैं यहाँ भारत में जीवित परमेश्वर से मिला हूँ।"

ईश्वरीय चंगाई सभा में ऐंक्टिंग सीनियर पास्टर सूजिन ली सामर्थी रूमाल के द्वारा बीमारों के लिए प्रार्थना करते हुए (प्रेरितो के काम 19:11–12)।

पैर कटने की स्थिति से बाहर निकलने के बाद मेरे पति ठीक हो रहे है।

जय मसीह की,

मैं सरला (आयु 38) तमिलनाडु, भारत से हूं। मैं आपके साथ अपने पति के साथ हुई एक अद्भुत घटना कों साझा करना चाहूंगी।

उनका नाम ए.एस. राजा (उम्र 42) है और वह दो साल से मधुमेह(डायबिटिज) से पीड़ित हैं। चार महीने पहले कार चलाते समय उनके पैर की उंगलियों और एड़ी में चोट लग गई थी, और उन्हें दो महीने तक अस्पताल में भर्ती रहना पड़ा क्योंकि घाव ज्यादा हो गए थे।

मधुमेह के कारण उनका घाव ठीक नहीं हो रहा था और उनका पैर सुन्न भी हो रहा था। डॉक्टर ने कहा कि अगर उनका पैर नहीं काटा गया तो यह जानलेवा हो सकता है। मैं असमंजस में थी कि अगर मेरे पति का पैर काट दिया जाएगा तो मैं कैसे जीऊंगी।

इसी बीच में, दिसंबर 2021 में, यूटूब चैनल 'जीसीएनटीवी हिंदी' के माध्यम से, मैंने डॉ. सुजिन ली की अगुवाई में होने वाली ईश्वरीय चंगाई सभा के बारे में सुना। मैंने और मेरे पति ने इसमें भाग लिया और ईमानदारी से प्रार्थना ग्रहण की।

उसके बाद, मेरे पति का घाव धीरे–धीरे ठीक हो गया, घाव से प्रभावित हिस्सा कम हो गया, और उनके पैर में संवेदना लौट आई। डॉक्टर ने कहा कि अब उन्हें अपना पैर नहीं कटवाना पड़ेगा। हाल्लेलुयाह!

इस अनुभव के माध्यम से, मेरे पति ने भी प्रभु को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार किया, और अब वह और मैं यूटयूब के माध्यम से मानमिन सेंट्रल चर्च की आराधना सभा में भाग ले रहे हैं। मेरे पति को ठीक करने के लिए मैं परमेश्वर को अपना आंसुओ से भरा धन्यवाद देती हूं, और मैं आपसे अपने पति की पूर्ण चंगाई के लिए प्रार्थना करने के लिए कहती हूं।

मैंने चंगाई सभा में सामर्थी रूमाल की प्रार्थनाओं द्वारा वंक्षण हर्निया से चंगाई प्राप्त की।

पिछले जनवरी में, शिवानी (उम्र 6) पेट दर्द से पीड़ित थी और ठीक से खा नहीं पा रही थी।

हम उसे अस्पताल ले गए और उसका अल्ट्रासाउंड कराया। हमने पाया कि उसकी आंतों को हर्नियेटेड हो गया है। डॉक्टर ने दवा और इंजेक्शन की सिफारिश की, लेकिन हम विश्वास के साथ चंगाई पाने के लिए उसे घर ले गए क्योंकि हमने सीनियर पास्टर डॉ. जेरॉक ली की प्रार्थना के माध्यम से कई चमत्कार देखे थे।

बल्कि, शिवानी की पीड़ा के माध्यम से, हमारे पूरे परिवार ने खुद को पीछे मुड़कर देखा और पश्चाताप किया, और हमने यूटूब जीसीएन टीवी चैनल के माध्यम से विभिन्न अराधना सभाओ में भाग लेकर परमेश्वर की कृपा के लिए प्रार्थना की। इसके साथ ही हमें प्रतिदिन पास्टर जॉन किम से प्रार्थना प्राप्त होती थी।

ईश्वरीय चंगाई सभा की तैयारी में, हमने विशेष दानिय्येल प्रार्थना सभा में भी भाग लिया और ईमानदारी से प्रार्थना की। फिर शिवानी के पेट में सूजन कम हुई और वह अच्छे से खाने लगी।

जैसे ही मेरा परिवार एकजुट हुआ और विश्वास के साथ ईश्वरीय चंगाई सभा के लिए तैयार हुआ, परमेश्वर हमारे कार्यों से प्रसन्न हुए, और उन्होंने शिवानी के स्वास्थ्य को ठीक किया। अल्ट्रासाउंड स्कैन फिर से किया गया, और इससे पता चला कि वह ठीक हो गई है। हाल्लेलुयाह!

पेट के छालों के कारण जो दर्द था वो गायब हो गया। (जीसीएनटीवी हिंदी के दर्शक की गवाही)

विनय नवरंग (आयु 25, बिलासपुर, छत्तीसगढ़, भारत)

मुझे 6 सालों से पेट में छालों के कारण पेट में दर्द हो रहा था और सिर दर्द, सीने में दर्द और रीढ़ की हड्डी के दर्द से पीड़ित था। इसलिए मुझे बहुत सारी दवाईयां खानी पड़ी। मेरे माता–पिता, जिनकी स्थिति ठीक नही थी, मेरे इलाज के लिए पैसे देने में उन्हें मुश्किल हो रही थी।

जब भी मुझे दर्द होता था, मैं बीमारों के लिए पास्टरों की प्रार्थनाओं को ढूंढता था और ग्रहण करता था। फिर एक दिन, जब मैं बीमारों के लिए प्रार्थना ढूंढ रहा था, मुझे रेंव जेरॉक ली की बीमारों के लिए प्रार्थना मिली और मैंने उस प्रार्थना को ग्रहण किया।

यह जीसीएनटीवी हिंदी पर थी। मैंने दिल्ली मानमिन चर्च में फोन किया जिसका नंबर स्क्रीन पर था। जिस बहन ने मेरे फोन का जवाब दिया, उसने बहुत दयालु आवाज़ में कहा कि मैं चंगा हो सकता हूं और डॉ. सुजिन ली एक चंगाई सभा की अगुवाई करेंगी। और उन्होंने मुझे दानिय्येल प्रार्थना सभा में जुड़ने के लिए लिंक भेजा और मेरी चंगाई के लिए प्रार्थना करने में मेरी मदद की।

मैंने चंगाई सभा में डॉ सुजिन ली की प्रार्थना ग्रहण करने के लिए अपनी फोटो और प्रार्थना विनती भेजी। मैंने प्रभु की उपस्थिति को महसूस किया और धन्यवाद दिया। मैं अपेशा के साथ सभा में शामिल हुआ और पवित्र आत्मा के सामर्थी कार्य को महसूस किया।

डॉ. सुजिन ली ने सामर्थी रूमाल के द्वारा बीमारियों के नाम पढ़कर प्रार्थना की (प्रेरितों के काम 19:11–12)। जब डॉ. सुजिन ली ने "पेट के छाले" कहा, तो मेरा शरीर कांपने लगा। मुझे दो बार उल्टी जैसा महसूस हुआ, लेकिन मैंने डॉ. सुजिन ली की प्रार्थना ग्रहण करने पर ध्यान दिया। आश्चर्यजनक रूप से जल्द ही सारा दर्द दूर हो गया। सभा में हिस्सा लेने से पहले, मैंने प्रार्थना की, "हे परमेश्वर! इस दर्द को कम से कम केवल 1 या 2 मिनट के लिए रोकने में मदद करें क्योंकि यह सहने से बाहर था", लेकिन डॉ. सुजिन ली की प्रार्थना ग्रहण करने के बाद, एक पल में सारा दर्द गायब हो गया। हाल्लेलुयाह!

मैं प्रेम के पिता परमेश्वर को सारा धन्यवाद और महिमा देता हूं जो मुझे उत्तर और आशीषों के मार्ग पर ले जाता है और मुझे चंगा करता है। और मैं डॉ. सुजिन ली को उनकी प्रार्थना और जीसीएनटीवी हिंदी के लिए धन्यवाद देता हूं।

GCNTV HINDI
अब आप डा. जेरॉक ली के संदेशों को सुनने हेतू हमारें चैनल पर जाएं।
Youtube/gcntvhindi
100 से अधिक भाषाओं में डा. जेरॉक ली के संदेशों को प्राप्त करें
क्रूस का संदेश, प्रकाशितवाक्य स्वर्ग, नर्क, भलाई, आशीषें इत्यादि
Visit करें : www.jaerocklee.com ; www.manmin.in
संपर्क करें
99716 24368